ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 17 मई 2024
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com
वर्ष 1 अंक 76


## सीएए के तहत शुरू हुआ नागरिकता का अभियान
# उदयपुर के 98 लोग कब करेंगे आवेदन

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। नागरिकता संशोधन कानून के तहत भारत की नागरिकता देने की प्रक्रिया राजस्थान में आज से शुरू हो गई है। सीएए के तहत नागरिकता के लिए अप्लाई करने वाले 5 लोगों का डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन किया गया। इस दौरान लोगों ने पाकिस्तान में रहने समय के अपने हालात बयां किए। उन्होंने बताया- वहां हमें पढ़ाया गया कि हिंदू इंसान नहीं है। इन्हें पत्थर मारने चाहिए। पानी पीने के लिए भी दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता था। इधर, उदयपुर में अब तक केवल 11 लोगों ने आवेदन किया है कुल 109 जने नागरिकता लेने की कतार में है। इनमें से वे लोग हैं जो 2005 के बाद भारत आए हैं। अब केवल 11 जनों के फार्म ही आगे जा रहे है। बाकी को सीआईडी ऑफिस में जाकर फार्म भरना होगा। अब तक 98 लोगों ने आवेदन ही नहीं किया है। वे आवेदन करेंगे तो ही नागरिकता मिलेगी। नागरिकता के फार्म यदि समय पर नहीं भरे तो बाद में चूक जाएंगे। इनमें से अधिकतर सिंध या बलूचिस्तान से आए हुए सिंधी समाज के लोग हैं। इससे पहले कहा जा रहा था कि आचार संहिता के कारण काम रूका हुआ है मगर जयपुर में आवेदन प्रोससे आगे बढने के बाद अब उदयपुर में भी उम्मीद जगी है। हालांकि पहल नागरिकता पाने वालों को ही करनी होगी। जानकार अपील कर रहे हैं कि आपके फायदे की चीज है व काम से समय निकला कर जल्दी आवेदन करें तो बेहतर रहेगा। इनमें से कुछ 2011 में, कुछ 2009 में भी भारत आए हैं।



31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे। बताया गया कि राजस्थान गवर्नमेंट ने दो बार शिविर लगाए लेकिन बात नहीं बनी। जयपुर से टीम भी आई व समझाया मगर लोग प्रोसेस देख कर चले गए व सभी एक साथ फार्म लेकर नहीं आए। अब प्रशासनिक स्तर पर समाज को साथ लेकर एक और बडे प्रयास की जरूरत है। इधर, जयपुर में संजय सर्किल स्थित पोस्ट ऑफिस में केंद्र सरकार की ओर से तय कमेटी ने नागरिकता देने के लिए तीन भाई-बहन विनोद कुमार, राहुल कुमार, रेखा देवी के डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन किए। इनके साथ दिलीप कुमार और डॉक्टर लालचंद को भी भारत की नागरिकता देने का प्रोसेस आज से शुरू किया। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से परिवार के साथ साल 2013 में राजस्थान आने वाले लालचंद ने बताया- उन्होंने अप्रैल में सीएए के तहत आवेदन किया था। जिन्हें डॉक्युमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया है। जयपुर जिले से कुल 151 आवेदन आए हैं। कमेटी के चेयरमैन और जयपुर डिवीजन डाक विभाग के सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पोस्ट (एसएसपी) मोहन सिंह मीणा ने बताया- जयपुर जिले के लिए यह कमेटी बनाई गई है। इस कमेटी में 7 सदस्य है। कमेटी डॉक्युमेंट का सत्यापन कर रही है। आज जयपुर जिले में सबसे पहले पाक विस्थापित रेखा देवी के डॉक्युमेंट का सत्यापन किया। हमने पहले दिन कुल 5 लोगों को बुलाया। पाक विस्थापितों के करीब 151 आवेदन जयपुर जिले से प्राप्त हुए हैं। उनमें से 65 लोगों को अपॉइंटमेंट दे दिया है। सीएए के तहत पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन कर दिया गया है। पहले इस प्रक्रिया में बहुत समय लगता था। अब डॉक्युमेंट सत्यापन के समय ही भारत के प्रति निष्ठा की शपथ दिलवाई जा रही है। जो पहले अंतिम समय में होती थी। अब डॉक्युमेंट सत्यापन के बाद सर्टिफिकेट जारी कर नागरिकता दे दी जाएगी। उन्होंने बताया- पहले की प्रोसेस में पाकिस्तान दूतावास जाकर पाकिस्तानी पासपोर्ट जमा करवाना होता था। वहीं, पाकिस्तान की नागरिकता छोड़ने का प्रमाण-पत्र भी लेना पड़ता था। लेकिन अब यहीं पर पासपोर्ट जमा हो जाएगा। नागरिकता छोड़ने का प्रमाण-पत्र भी नहीं देना पड़ेगा। मई माह में पाक विस्थापितों को नागरिकता मिलना शुरू हो जाएगी। डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी के बाद अब स्टेट लेवल कमेटी नागरिकता प्रमाण-पत्र देने का काम करेगी।

## भावेश भिंडे को लेकर पुलिस पहुंची मुंबई, मामला क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। मुंबई में घाटकोपर हादसे में होर्डिंग कंपनी का मालिक भावेश भिंडे को उदयपुर से गिरफ्तार किए जाने के कुछ घंटों बाद, उसे अपराध शाखा द्वारा मुंबई लाया गया और अदालत में पेश किया गया। भिंडे मंगलवार को होर्डिंग गिरने के बाद से लापता थे और उनका मोबाइल फोन भी बंद था। इसके अलावा, मामला शुक्रवार को मुंबई क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया। सुबह करीब 5 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंची और उसे अपराध शाखा कार्यालय ले जाया



गया। पेट्रोल पंप पर बिलबोर्ड गिरने से 16 लोगों की मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर उदयपुर में भी खासी हलचल है तथा बार-बार पूछा जा रहा है कि क्या उदयपुर पुलिस को इस बारे में सूचना दी गई थी या नहीं। हालांकि एसपी पहले ही अनभिज्ञता जता चुके हैं।

## जिनपिंग ने पुतिन को गले लगाया, साथ चाय पीःनाराज अमेरिका बोला- रूस-यूरोप में से एक को चुने चीन, दोनों से दोस्ती नहीं कर सकता

**24 न्यूज अपडेट**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 2 दिन के दौरे पर चीन में हैं। गुरुवार को बीजिंग में राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने उनका स्वागत किया। इसके बाद शाम को दोनों नेताओं ने साथ में चाय पी। पुतिन की यात्रा का पहला दिन खत्म होने पर जिनपिंग ने उन्हें गले भी लगाया। रूस और चीन की इस बढ़ती दोस्ती से अब अमेरिका नाराज है। अमेरिका ने कहा है कि चीन अगर पश्चिमी देशों के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की कोशिश कर रहा है तो वह यूक्रेन जंग में रूस का समर्थन नहीं कर सकता है। उसे रूस या यूरोप में से



एक को चुनना होगा। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने बुधवार को प्रेस ब्रीफिंग में कहा, "यूक्रेन जंग के मामले में अमेरिका, G7, नाटो और EU देशों का एक ही पक्ष है। रूस को हथियार देकर चीन न सिर्फ यूक्रेन की सुरक्षा खतरे में डाल रहा है, बल्कि इससे यूरोप पर भी असर पड़ेगा। वह यूरोप के सबसे बड़े खतरे को बढ़ावा दे रहा है।"

## असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन एवं पीटीआई एग्जाम-2023ः7 विषयों की ANSWER-KEY जारी, 20 मई तक होगी ऑनलाइन आपत्ति




**24 न्यूज अपडेट**

अजमेर. राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) की ओर से सहायक आचार्य, पुस्तकालयाध्यक्ष एवं शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक (कॉलेज शिक्षा विभाग ) प्रतियोगी परीक्षा-2023 के 7 विषयों की मॉडल आंसर की आयोग की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। यदि किसी अभ्यर्थी को इन मॉडल आंसर की पर कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 18 से 20 मई 2024 को रात्रि 12 बजे तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज करवा सकता है। आयोग के मुख्य परीक्षा नियंत्रक आशुतोष गुप्ता ने बताया कि उक्त परीक्षा के अन्तर्गत लाइब्रेरी साइंस, लॉ, जियोलॉजी, पंजाबी, म्यूजिक तबला, मिलिट्री साइंस एवं सिंधी विषय की परीक्षा का आयोजन 31 मार्च 2024 को निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया गया था। इन विषयों की परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों को उत्तर कुंजियों पर आपत्ति प्रस्तुत करने का अवसर आयोग द्वारा दिया गया है। आपत्तियां आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध मॉडल प्रश्न पत्र के क्रमानुसार ही प्रविष्ट करनी होंगी। इन विषयों के मॉडल प्रश्न-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आपत्ति प्रामाणिक (स्टैंडर्ड, ऑथेंटिक) पुस्तकों के प्रमाण सहित ऑनलाइन ही प्रविष्ट करें। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के अतिरिक्त यदि कोई अन्य व्यक्ति आपत्ति दर्ज करवाते हैं, तो उन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### आपत्ति दर्ज कराने का शुल्क व प्रक्रिया

आयोग द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु आपत्ति शुल्क 100 रुपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर रिक्रूटमेंट पोर्टल का चयन कर उक्त परीक्षा के लिए उपलब्ध लिंक (क्वेश्चन आब्जेक्शन) पर क्लिक कर प्रश्नों पर आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।प्रति प्रश्न आपत्ति शुल्क 100 रुपए (सेवा शुल्क अतिरिक्त) के हिसाब से कुल आपत्ति शुल्क ई-मित्र कियोस्क अथवा पोर्टल पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे से भुगतान कर आपत्तियों को स्थाई रूप से दर्ज कराया जा सकेगा। शुल्क के अभाव में आपत्तियां स्वीकार नहीं की जावेंगी। आयोग द्वारा शुल्क वापस लौटाने का प्रावधान नहीं है।

## केजरीवाल की गिरफ्तारी मामले में SC में सुनवाई पूरी,फैसला सुरक्षित
### कहा- जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जाएं; ED की 8वीं चार्जशीट में केजरीवाल-AAP आरोपी



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

नई दिल्ली. दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर शुक्रवार (17 मई) को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। केजरीवाल ने शीर्ष कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसला सुरक्षित रख लिया। साथ ही कहा कि केजरीवाल जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट जा सकते हैं। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई की। ED की तरफ से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) एसवी राजू और केजरीवाल की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी दलीलें रखीं।

ASG एसवी राजू ने कहा कि रिश्वत का पैसा हवाला के जरिए भेजा गया। जस्टिस खन्ना ने कहा कि आमतौर पर जांच अधिकारी तब तक गिरफ्तार नहीं कर सकता, जब तक उसके पास 'दोषी' साबित करने के लिए पर्याप्त सबूत न हों। यही स्टैंडर्ड होना चाहिए। वहीं, अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि केजरीवाल को दोषी साबित करने से बचाने वाले 9 बयान हैं, लेकिन जांच एजेंसी ने इसे जीरो वेटेज दिया। वहीं, सुनवाई के दौरान ED ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि शराब नीति केस में अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (AAP) को आरोपी बनाया है। जांच एजेंसी ने 21 मार्च को केजरीवाल को अरेस्ट किया था। सुप्रीम कोर्ट ने 10 मई को केजरीवाल को 21 दिन यानी एक जून तक अंतरिम जमानत दी है। 2 जून को उन्हें सरेंडर करना होगा।

## पटना में बच्चे का शव स्कूल के गटर में मिला, 10 मिनट का CCTV फुटेज गायब




**24 न्यूज अपडेट**

पटना. पटना में टिनी टोट एकेडमी स्कूल के गटर से 4 साल के एक बच्चे का शव तड़के 3 बजे बरामद हुआ। वह इसी स्कूल में पढ़ता था। शव मिलने के बाद गुस्साए लोगों ने स्कूल कैंपस में तोड़फोड़ की, बिल्डिंग में आग लगा दी। गुस्साए परिजन ने शव को सड़क पर रख दानापुर-गांधी मैदान मुख्य मार्ग को बाटागंज पेट्रोल पंप के पास जाम लगा दिया। सड़क पर भी आगजनी की गई है। पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद लोगों को समझाया और भीड़ को स्कूल से हटाया गया। करीब 3-4 घंटे के हंगामे के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। फायर ब्रिगेड ने स्कूल में लगी आग पर काबू पा लिया है। साथ ही पुलिस ने स्कूल प्रशासन से जुड़े 3 लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। स्कूल के सभी टीचर फरार हैं। सुबह 11.49 बजे तक मेरा भतीजा स्कूल में था। उसके बाद CCTV के फुटेज में 10 मिनट का गैप था। वही गटर वाले रूम का CCTV कैमरे का फुटेज गायब था। बच्चे की पहचान पॉलसन निवासी शैलेंद्र राय के बेटे आयुष कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि स्कूल खत्म होने के बाद आयुष उसी स्कूल में ट्यूशन पढ़ता था। गुरुवार को भी वो रोज की तरह स्कूल गया, लेकिन लौटा नहीं। आयुष गुरुवार सुबह साढ़े 6 बजे स्कूल पहुंचा था, लेकिन शाम 5 बजे तक नहीं लौटा तो परिजन ने खोजबीन शुरू की। परिजनों ने बच्चे के अगवा होने की शिकायत थाने में की थी। छात्र के चाचा ने बताया कि प्रिंसिपल ने पहले तो आयुष के स्कूल आने से ही इनकार किया। बाद में CCTV में वो दिखाई दिया। फुटेज के साथ छेड़छाड़ हुई है। 10 मिनट का फुटेज डिलीट किया गया है।

# संपादकीय: विस्थापन का दंश

दुनिया भर में हर वर्ष लाखों लोग विस्थापित होते हैं और उन्हें अकथनीय मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मगर इक्कीसवीं सदी का सफर तय करते विश्व में भी ऐसी ठोस पहलकदमी नहीं दिखाई देती जिसमें अपनी जड़ों से उखाड़ दिए गए लोगों के दुख पर गौर किया जा सके और एक दीर्घकालिक समाधान का रास्ता तैयार हो। यह बेवजह नहीं है कि आज भी अलग-अलग देशों से बड़ी संख्या में लोग अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगहों पर जाने पर मजबूर कर दिए जाते हैं। अक्सर आने वाली रपटों में इस समस्या की जटिलताओं की ओर ध्यान दिलाया जाता रहा है, लेकिन अब तक विस्थापन का सिलसिला बदस्तूर कायम है। अब जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र यानी आइडीएमसी की ताजा रपट में यह दावा किया गया है कि सन 2023 में दक्षिण एशिया में कुल उनहत्तर हजार लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा। इसमें अकेले मणिपुर से सड़सठ हजार लोग विस्थापित हुए। यानी दक्षिण एशिया के सभी देशों में जितने लोगों को अपने ठौर से उजड़ना पड़ा, उसमें सत्तानवे फीसद लोग मणिपुर के हैं। गौरतलब है कि सन 2018 के बाद यानी पिछले पांच वर्षों में भारत में हुआ यह सबसे बड़ा विस्थापन है। देश के अन्य इलाकों में जहां बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदा और रोजी-रोटी जैसी वजहों से लोगों को दूसरी जगहों की ओर अपने जीने के रास्ते की खोज में निकलना पड़ा, वहीं मणिपुर में हुई व्यापक हिंसा ने वहां हजारों लोगों को विस्थापित होने पर मजबूर कर दिया। आइडीएमसी ने अपनी रपट में इस बात का उल्लेख किया है कि मार्च 2023 में मणिपुर उच्च न्यायालय ने मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के संदर्भ में जो रुख जाहिर किया था, उसके बाद राज्य के बड़े हिस्से में हिंसक विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इसमें करीब दो सौ लोगों की जान जा चुकी है और इसकी वजह से हजारों लोगों को अपना घर छोड़ कर राहत शिविर या दूसरों जगहों पर शरण लेना पड़ा। आज भी वहां स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। जाहिर है, एक साधारण विवाद से जो हालात पैदा हुए, उसके एक वर्ष बीत जाने के बावजूद उसे संभालने में सरकार अब तक नाकाम है और इसका खमियाजा हिंसक संघर्ष की वजह से बेठौर हुए लोगों को भुगतना पड़ रहा है। विश्व भर में ऐसे लोगों को एक बड़ी संख्या है, जो बहुत मुश्किल से किसी जगह पर अपना ठिकाना और उनमें से कुछ लोग घर बनाते हैं। मगर इससे ज्यादा तकलीफदेह और क्या हो सकता है कि उन्हें वैसी वजहों के लिए उस जगह को छोड़ कर कहीं और जाना पड़ जाता है, जिसके लिए वे जिम्मेदार नहीं होते हैं। यही नहीं, अपने ठौर से वंचित लोग जब कहीं और जीने को जगह ढूंढने निकलते है तो सभ्य कही जाने वाली व्यवस्थाओं वाले लोकतांत्रिक देशों में भी उनके लिए टिकना आसान नहीं होता। इससे अफसोसनाक और क्या होगा कि विश्व के आधुनिक होने के दावों के बीच पिछले दो वर्षों में संघर्ष और हिंसा की वजह से अपना घर छोड़ने पर मजबूर लोगों की संख्या में चिंताजनक बढ़ोतरी हुई है। दुनिया के जिन हिस्सों में हालात में सुधार हो रहे थे, अब वहां भी यह समस्या अपने पांव पसार रही है। हिंसा या संमषों को रोकने और शांति की स्थापना करने में नाकामी दरअसल विश्व भर में अशांत इलाकों में सक्षम देशों की फुटनीतिक और रणनीतिक कवायदों के महज दिखावा होने को ही दर्शाती है।

## गर्मी का कहर

पिछले कुछ दशकों से जलवायु में असंतुलन और बढ़ते तापमान की वजह से उपजी स्थितियों से जैसे हालात बन रहे हैं, उसमें मौसम के सामान्य रहने को लेकर एक आशंका बनी रहती है। दुनिया भर के जलवायु में हो रहे बदलाव का असर लगभग सभी मौसम में देखने को मिल रहा है, जिसमें ठंड, गर्मी या बरसात में एक विचित्र प्रकार की अनियमितता दिख रही है और इसकी मार समूचे जीव-जगत पर पड़ रही है। गौरतलब है कि आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किए गए एक अध्ययन में यह तथ्य सामने आया है कि लू से जुड़ी मौतें गर्मी से मरने वालों की कुल संख्या का लगभग एक तिहाई और विश्व भर में हुई कुल मौतों का एक फीसद है। पिछले तीस वर्षों के आंकड़ों के अध्ययन के नतीजों में बताया गया है कि हर वर्ष गर्मी में एक लाख तिरपन हजार अतिरिक्त लोगों की जान चली जाती है, जिसमें से करीब आधी मौतें एशिया में और तीस फीसद से ज्यादा यूरोप में होती हैं। अकेले भारत में हर वर्ष तीस हजार से ज्यादा लोग लू की वजह से जान गंवा बैठते हैं। दरअसल, गर्मी में लू तो बरसात में बिजली गिरने की वजह से अब जितने लोगों की जान जा रही है, उसमें साफ है कि मौसम के बदलते मिजाज और उसमें बचाव के इंतजामों को लेकर एक प्रकार की उदासीनता है। जबकि भीषण गर्मी के दौरान चेतावनी प्रणाली, शहरी नियोजन और हरित संरचना, सामाजिक सहायता कार्यक्रम, बिगड़े मौसम के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाएं, जागरूकता के साथ सामुदायिक सहभागिता से जुड़े कार्यक्रमों के जरिए आम लोगों को बचाव को लेकर सजग किया जा सकता है। संसाधनों से लैस और वंचित समुदायों के बीच असमानताओं को कम करके दीर्घकालिक रणनीतियों को लागू करना भी एक जरूरी कदम होगा। अफसोस की बात है कि तापमान में अप्रत्याशित बदलाव की वजह से होने वाली मौतों को प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में मान लिए जाने से बचाव के उपायों को लेकर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा पाता। जरूरत इस बात की है कि जिस रफ्तार से मौसम के मिजाज में बदलाव आ रहा है और वह मनुष्य सहित समूचे जीव-जगत और पर्यावरण के लिए घातक साबित हो रहा है, उसे देखते हुए व्यापक दृष्टिकोण के साथ एक समग्र रणनीति बनाई जाए।

# 1 साल पहले पुलिस पर हमला कर हथियार लूटने वाले रणिया की पत्नी काली गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। पुलिस मुख्यालय की ओर से अपराध मुक्त राजस्थान कार्य योजना के तहत चलाये जा रहे फरार अपराधियों कि धरपकड अभियान के क्रम में एसपी उदयपुर योगेश गोयल के निर्देशन में गोपाल स्वरुप मेवाडा अति. पुलिस अधीक्षक उदयपुर (मुख्यालय) व राजेन्द्र राठौड वृताधिकारी वृत कोटडा के सुपरविजन में अशोक कुमार सिंह चम्पावत थानाधिकारी कोटड़ा मय टीम ने मुखबिर की सूचना पर इत्तला गत वर्ष अप्रेल 2023 में मांडवा पुलिस टीम पर हथियारों सहित जानलेवा हमला कर हथियार लूट लेने वाली गैंग के मुख्य आरोपी रणिया की पत्नी वांछित मुल्जिमा काली पत्नी रणिया उर्फ रणा जाति बुम्बडिया उम्र 55 साल निवासी छापरला कुकावास थाना मांडवा जिला उदयपुर जो 1 वर्ष से फरार चल रही थी, उसे आज पुलिस थाना कोटडा की टीम द्वारा नयावास गांव से जरिये मुखबीर सूचना के डिटेन किया। जिसे बाद पुछताछ के न्यायालय कोटडा से जे.सी करा केन्द्रिय काराग्रह उदयपुर भेजा गया।

# केमीकल फैक्ट्री से लाखों का सामान चोरी करने वाले 3 अभियुक्त गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। संजीव गोरवाडा पुत्र उग्रसिह गोरवाडा जैन निवासी न्यू फतहपुरा थाना अम्बामाता हाल डाकन कोटडा फैक्ट्री पुलिस थाना सविना ने 15 मई को पुलिस को बताया कि गोरवाडा केमीकल्स डाकनकोटडा रोड पर स्थित है। कुछ दिनों से फैक्ट्री स्थित गोदाम में कच्चा माल की कमी हो रही है और आशंका है कि नाईट शिफट में कार्यरत मजदुरों में से कोई गोदाम में चोरी कर माल खुर्द बुर्द कर रहा है। एसपी योगेश गोयल उदयपुर द्वारा विशेष निर्देष प्राप्त पर उमेश ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उदयपुर तथा छगन पुरोहित पुलिस उप अधीक्षक वृत नगर पूर्व उदयपुर के सुपरविजन में फूलचन्द टेलर थानाधिकारी पुलिस थाना सवीना के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर वांछित अभियुक्त की तलाश हेतु निर्देश प्राप्त हुए। जिला स्पेशल टीम के सदस्य अखिलेश्वर कुमार हैड कानि व विक्रम सिह हैड कानि मय थाना टीम के द्वारा गहनता से अभियुक्तो की तलाश शुरू की गई। टीम द्वारा मुखबिर तन्त्रों व तकनीकी संसाधनों से अभियुक्त सुरजमल पिता जगला पारगी मीणा उम्र 30 साल पेशा मजदुरी निवासी बडली पाडा फला कलाचोकी पुलिस थाना बाघपुरा जिला उदयपुर, खेमराज पिता शंकर कसोटा मीणा जाति मीणा उम्र 29 साल पेशा मजदुरी निवासी बडली पाडा फला कसोटा पुलिस थाना बाघपुरा जिला उदयपुर व चोरीशुदा माल को खरीदने वाला अभियुक्त मावाराम पिता केवाजी जाति पटेल उम्र 31 साल निवासी गिगंला थाना गिगंला जिला सलुम्बर हॉल 200 फिट रोड अम्बामाता घाटी थाना सवीना जिला उदयपुर को गिरफतार किया गया। प्रकरण हाजा मे चौरीशुदा माल मशरूका रॉ मेटेरियल एल्युमिनियम कास्टीक सोडा का कच्चा माल के 8 कट्टे चौरी हुए थे जिसमे से 4 कट्टे जो प्रत्येक 40 से 50 किलो का हो जिसकी बाजार किमत लगभग 20 लाख रूपये है को बरामद किया गया। शेष माल को बरामद करने हेतु अभियुक्तो से विस्तृत अनुसन्धान जारी है।

# कलेक्टर ने महिलाओं से पूछा-पेयजलापूर्ति पूरी हो रही है या नहीं, घर-घर जाकर लोगों से जानें हालात




**24 न्यूज अपडेट**
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, सलूंबर। जिले में पानी की समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर जसप्रीत सिंह संधू ने सलूंबर शहर और ग्रामीण क्षैत्र का दौरा किया. उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से बात की और पानी की सप्लाई की जानकारी ली । जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू आज सुबहदृसुबह शहर एवं गांव में पानी सप्लाई का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने शहर के हरमंदिर चोक और पुरोहितवाडी इलाके से गांधी चोक तक पेयजल सप्लाई की व्यवस्था का जायजा लिया साथ ही गुड़हल की पिपिया और गुडेल में शुद्ध पेयजल का निरीक्षण किया। इस दौरान कलक्टर ने घर-घर जाकर आमजन से पूछा कि-पानी पूरा आ रहा है या नहीं। इस पर सभी ने जवाब दिया कि पेयजल सप्लाई सुचारू एवं व्यवस्थित है। शहरवासियों एवं ग्रामवासियों ने पेयजल सप्लाई की व्यवस्था पर संतुष्टि जाहिर की। निरीक्षण के दौरान विभाग के तकनीकी कर्मियों ने प्रेशर मीटर के माध्यम से जिला कलक्टर को पानी के प्रेशर से अवगत कराया और पानी का क्लोरीन टेस्ट कर गुणवत्ता की जानकारी भी दी। कलक्टर ने प्रेशर और सप्लाई के बारे में नागरिकों से जानकारी ली और विभागीय अधिकारियों को ग्रीष्म ऋतु में पर्याप्त मात्रा में जलापूर्ति के निर्देश दिए। वहीं पानी की गुणवत्ता बनाए रखने पर भी विशेष जोर दिया। इस अवसर पर जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता ने अवगत कराया कि क्षेत्र में प्रतिदिन शुद्ध पेयजल की सप्लाई उचित प्रेशर के साथ की जा रही है। जिला कलक्टर के निर्देश पर विभाग के अभियंताओं की टीम विभिन्न क्षेत्रों में जाकर सप्लाई प्रेशर एवं गुणवत्ता की जांच करेगी। कलक्टर के दौरे के दौरान अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता व कालु लाल मीणा, भंवर सिंह सहित कार्मिक उपस्थित रहे।

# झल्लारा में खोलड़ी गांव में लगी भीषण आग

**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट, सलूंबर। सलूंबर के झल्लारा में खोलड़ी गांव के खेतों में भीषण आग लग गई। आग 10 बीघा में फैल गई। अज्ञात कारणों से देर रात खेतों में लगी आग से हुआ नुकसान। सलूंबर से आई दमकल व दर्जनों ग्रामीणों के प्रयास से पाया काबू। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया काबू। बीडीओ दिनेश चंद्र पाटीदार सहित अन्य ने ली जानकारी। आग आबादी क्षेत्र में फैल कर कर सकती थी बड़ा नुकसानं देर रात आग पर काबू पाने के बाद ग्रामीणों ने ली राहत भरी सांस।

# डूंगरपुर में कर्ज से परेशान व्यवसायी ने की खुदकुशी, बंद फैक्ट्री से बरामद हुआ शव



**24 न्यूज अपडेट**

डूंगरपुर. जिले के वरदा थाना क्षेत्र के टामटिया ग्राम स्थित एक बंद फैक्ट्री में व्यवसायी ने खुदकुशी कर ली. व्यवसायी के व्यापार में हो रहे घाटे और बढ़ते कर्ज से परेशान होने की बात सामने आई है. वहीं, सूचना के बाद मौके पर पहुंची वरदा थाना पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया. वहीं. परिजनों की रिपोर्ट के बाद शव का पोस्टमार्टम कराके उन्हें शव सौंप दिया गया. साथ ही प्रकरण दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी गई है । वरदा थाना अधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि टामटिया निवासी 45 वर्षीय घनश्याम पुत्र रूपलाल सोनी ने थाने में रिपोर्ट दी है. रिपोर्ट में बताया गया है कि गुरुवार रात को उसने अपने भाई 44 वर्षीय अशोक सोनी को फोन किया था, लेकिन उसने फोन नहीं उठाया. वहीं, घरवालों ने भी फोन कर संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने किसी का फोन नहीं उठाया. वहीं, मृतक व्यवसायी के बेटे ने बताया कि उसके पिता कभी-कभी अपनी बंद पड़ी फैक्ट्री की ओर जाया करते थे. इस पर परिवार के लोग टामटिया स्थित बंद फैक्ट्री पहुंचे, जहां से व्यवसायी का शव बरामद हुआ. इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया. वहीं, शुक्रवार को परिजनों की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम कराया गया. उसके बाद उन्हें शव सौंप दिया गया । इधर, परिजनों की ओर से बताया गया कि व्यवसायी व्यापार में हो रहे घाटे और बढ़ते कर्ज के भार से परेशान था. साथ ही उसने अपने रिश्तेदारों से भी पैसे उधार ले रखे थे, जिसे वो चुका नहीं पा रहा था. ऐसे में उसने खुदकुशी कर ली. वहीं, अब पुलिस प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है ।


# एयरफोर्स के जवान को दी अंतिम विदाई, हर आंख हुई नम



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। महाराष्ट्र के नासिक में बाइक की टक्कर से एयर फोर्स में तैनात भबराना गांव के जवान की बुधवार की शाम को मौत हो गई थी । गुरुवार को पोस्टमार्टम सहित अन्य कारवाई के बाद जवान की पार्थिव देह शुक्रवार को उनके पैतृक गांव भबराना लाई गई जहां गमगीन माहौल में शहीद जवान का अंतिम संस्कार हुआ । इससे पूर्व जवान के पार्थिव देह के अंतिम दर्शनों के लिए रास्ते भर लोगों की कतारें लग गई। झल्लारा गांव के तिराहे पर भाजपा विधायक प्रत्याशी व पूर्व प्रधान कन्हैया लाल मीणा के नेतृत्व में शहीद जवान को श्रद्धांजलि दी गई। शव के मातासुला मोड पहुंचने पर भबराना सहित आसपास गांव के करीब 3 हजार से अधिक युवाओं ने सैकड़ों दो पहिया व चार पहिया वाहनों से वाहन रैली निकाली। इस दौरान रास्ते भर वीर जवान अमर रहे के नारे व पुष्प वर्षा की झड़ी लगी रही । शव के घर पहुंचने पर जोरदार रूलाई फूट पड़ी व हर आंख नम दिखाई पड़ी। जवान के घर से शमशान तक अंतिम यात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की तादाद में महिला पुरुषों ने भाग लिया। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे जवानों की सलामी के बाद अंतिम संस्कार किया गया। शहीद जवान के बेटे ने शव को मुखाग्नि दी तो एक बार फिर हर आंख नम हो गई व शहीद जवान कालू लाल अमर रहे के जयकारे से पूरा शमशान घाट गूंज उठा। शव यात्रा में सलूंबर विधायक अमृत लाल मीणा, पूर्व प्रदेश मंत्री कन्हैया लाल मीणा , मंडल अध्यक्ष भवानी सिंह , महामंत्री महेंद्र सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल हुए । बता दें की जवान की बुधवार शाम आर्मी कैंपस में टहलने के दौरान बाइक की टक्कर से मौत हो गई थी । जानकारी अनुसार जवान एयर फोर्स में लिपिक पद से पदोन्नत हुआ था जिसके पीछे मां एक बेटी एक बेटा पत्नी व दो भाई हैं। हादसे में जवान की बेटी के हाथ में भी चोट आई है जो पिता की मौत के बाद से बेसुध है।

# रास्ता पूछने के बहाने लूटे राम नामी और मादलिये



**24 न्यूज अपडेट**

राजसमंद। राजसमंद में कुंवारिया पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला से बाइक सवार 2 नकाबपोश बदमाश रास्ता पूछने के बहाने जेवर लूट कर ले गए। बदमाशों ने महिला की सोने की राम नामी और दो मादलिये लूट लिए। पुलिस ने बतया कि गोवलिया गांव की बुजुर्ग महिला कस्तूरी बाई कुमावत खेत से मवेशियों के रिजका लेकर वापसघर लौट रही थी। गोवलिया श्मशान के पास बाइक पर आए 2 नकाबपोश बदमाशों ने कालाजी बावजी मन्दिर जाने का रास्ता पूछा। बदमाशों ने मौका देखकर महिला के गले से रामनामी व दो मादलिये छीन लिए। सब कुछ इतना जल्दी हो गया कि महिला को संभलने का मौका ही नहीं मिल सका। वह चिल्लाई जिस पर ग्रामीण पहुंचे तब तक बदमाश मौके से भाग गए थे। बाद में महिला रोते हुए घर गई तो पूरा गांव इकट्ठा हो गया व पुलिस को सूचना दी।

## जिम ट्रेनर की मौत मामले में क्लब मेंबर को जमानत, जब्त कार को भी लौटाया



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

उदयपुर। उदयपुर के सहेली मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार जिम ट्रेनर विपिन मीणा की मौत के मामले में कार ड्राइवर संजय खमेसरा को थाने से ही जमानत मिल गई। जब्त होंडा सिटी कार को भी वापस लौटा दिया गया है। ड्राइवर मार्बल व्यापारी और फील्ड क्लब का मेंबर है। हादसे में जिम ट्रेनर विपिन मीणा की मौत हुई थी। उनके ताउजी जयंतीलाल मीणा ने ड्राइवर संजय खमेसरा की जमानत पर सवाल खड़ा किया है। उनका कहना है, आरोपी ड्राइवर को सख्त सजा देने के बजाय पुलिस ने उसे थाने में बुलाकर जमानत दे दी। परिजनों ने पुलिस की धीमी गति से जांच को आगे बढ़ाने पर भी सवाल उठाए हैं। फील्ड क्लब में घटना स्थल के दिन सीसीटीवी कैमरे बंद होना भी शक के घेरे में था। परिजनों ने इसकी शिकायत उदयपुर आईजी अजयपाल लांबा को की है। इस पर आईजी ने उन्हें कहा कि नियमानुसार जो भी कानूनी कार्रवाई होगी, वे करेंगे।

### ये था पूरा मामला

हादसा चार दिन पहले 9 मई को सुबह के समय हुआ था। जब जिम ट्रेनर विपिन मीणा रोजाना की तरह सुबह जिम के लिए जा रहा था। तभी फील्ड क्लब से निकली एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार जिम ट्रेनर को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया था कि क्लब प्रशासन ने कार चालक को फतहपुरा वाले गेट से बाहर निकाल दिया और फरार होने में उसका साथ दिया था। इधर, फील्ड क्लब सचिव उमेश मनवानी ने भी अपने बयान में बाइक स्लिप होकर बिजली के पोल से टकराने की बात कही थी। जिससे युवक की मौत हुई है। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच की तो पता लगा कि फील्ड क्लब गेट का सीसीटीवी कैमरा उसी रात 2 बजे से बंद था। इसलिए यह घटना उसमें रिकॉर्ड नहीं हो पाई।

## केमिकल डालकर बनाई जा रही थी मेहंदी, छापा मारकर पकड़ा लाखों का माल



**24 न्यूज अपडेट**

कोटा. राज्य स्तर पर हुई शिकायत के बाद औषधि नियंत्रण संगठन की टीम ने गुरुवार देर रात को कोटा में अवैध रूप से चल रहे मेहंदी बनाने के कारखाने पर दबिश दी. जहां से बड़ी मात्रा में मेहंदी बरामद की है. यह लाखों रुपए का माल है, जिसे केमिकल डालकर अवैध रूप से तैयार किया गया था. इस मेहंदी को कोटा शहर के अलावा ग्रामीण इलाके बारां, बूंदी, झालावाड़ और रावतभाटा की तरफ भी भेजा जा रहा था । प्रदेश के ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा के अनुसार शिकायत के बाद यह कार्रवाई कोटा की टीम से करवाई गई. जिसमें चार ड्रग कंट्रोल ऑफिसर नरेंद्र राठौर, आसाराम मीणा, दिनेश कुमावत और योगेश कुमार मौके पर भेजे गए. जहां पर कोटा की साजिदेहड़ा इलाके में अवैध रूप से सजनी मेहंदी के ब्रांड नाम से मेहंदी बनाने का काम किया जा रहा था. इस व्यक्ति के पास लाइसेंस भी नहीं है और केमिकल के जरिए मेहंदी की कोन तैयार की जा रही थी. मौके से ड्रग कंट्रोल की टीम ने बड़ी संख्या में मेहंदी की तैयार कोन बरामद की है. जिनमें 10 रुपए वाली 1248 और 15 वाली 10 हजार कोन है. यह सजनी गोल्ड दुल्हन मेहंदी के नाम से बेची व सप्लाई की जा रही थी ।

## रेड जोन में खुला था, ग्रीन जोन में बंद हुआ शेयर बाजार



**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट. मुंबई। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन आज शेयर बाजार उछल कर बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 253 अंकों की उछाल के साथ 73,917.03 पर तो एनएसई पर निफ्टी 0.27 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 22,464.80 पर बंद हुआ।एम एंड एम, जेएसडब्ल्यू स्टील, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर के लिस्ट में शामिल रहे. वहीं, टीसीएस, सिप्ला, एसबीआई लाइफ, ब्रिटानिया ने गिरावट के साथ कारोबार किया। निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स में 2.2 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए. निफ्टी ऑटो और रियल्टी क्रमश- 1.4 फीसदी और 1 फीसदी बढ़े. इस बीच, निफ्टी आईटी में 0.4 फीसदी की सबसे बड़ी गिरावट देखी गई. निफ्टी आईटी इंडेक्स 0.9 फीसदी गिरकर 33382 अंक पर आ गया. बीएसई मिडकैप नई ऊंचाई पर, स्मॉलकैप रिकॉर्ड के करीब बंद हुआं बीएसई मिडकैप 1.2 फीसदी की बढ़त के साथ 42831 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शेयर बाजार रेड जोन में खुला. बीएसई पर सेंसेक्स 130 अंकों की गिरावट के साथ 73,521.86 पर बंद हुआ. वहीं, एनएसई पर निफ्टी 0.15 फीसदी की गिरावट के साथ 22,370.50 पर ओपन हुआ. एमएंडएम सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है.

# रिश्वतखोर गिरदावर के घर से मिले 41.39 लाख कैश, 10 लाख के जेवरात, करोड़ों की प्रोपर्टी के दस्तावेज, लॉकर की तलाशी बाकी




**24 न्यूज अपडेट**

desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट डूंगरपुर। जैसा कि दस्तूर है कि हर बार रिश्वतखोरों के पकड़े जाने पर घर की तलाशी होती है व उसमें लाखों के कैश व जमीन के कागजात व जेवर आदि मिलते हैं। नामांतरण खोलने की एवज में 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते कल गिरफ्तार हुए बिलड़ी गिरदावर दिनेश पंचाल के मामले में भी यही हुआ। डूंगरपुर एसीबी ने शुक्रवार को उदयपुर एसीबी कोर्ट में पेश किया जहां से गिरदावर को जेल भेज दिया। आरोपी गिरदावर की घर की तलाशी में 41.39 लाख रुपये कैश, 10 लाख के जेवरात के साथ करोड़ों की प्रोपर्टी के दस्तावेज, विभिन्न बैंक के खातों की पास बुक, आरडी खातों की पास बुक व एक लॉकर की चाबी मिली है. एसीबी लॉकर की अलग से तलाशी होगी।एसीबी डूंगरपुर के डीएसपी रतनसिंह राजपुरोहित ने बिलड़ी के गिरदावर दिनेश पंचाल को गुरुवार को 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था.। एसीबी की टीम जयहिंद नगर स्थित उसके घर समेत कई ठिकानों पर तलाशी लेने भी गई थी। देर रात तक जांच चलती रही। एसीबी के डीएसपी ने बताया कि आरोपी गिरदावर दिनेश पंचाल के रिहायशी घर से 41 लाख 39 हजार 500 रुपए का कैश मिला है. शहर के रिहायशी कॉलोनी जय हिंद नगर में मकान नंबर 89 की रजिस्ट्री भी मिली है. इसके अलावा 6 भूखंड के कागजात मिले हैं, जिसमें राजस्व ग्राम डूंगरपुर में 2100 वर्गफीट का आवासीय भूखंड, आरोपी दिनेश पंचाल की पत्नी किरण बाला पंचाल के नाम श्रीमाल नर्सरी के पास 2100 वर्गफीट का भूखंड, राजस्व गांव भंडारियां में 1 बीघा 5 बिस्वा औद्योगिक संपरिवर्तन भूमि, तिजवड में 1 बीघा 7 बिस्वा औद्योगिक संपरिवर्तित भूमि, डूंगरपुर शहर में 810 वर्गफीट का कमर्शियल भूखंड, बिछीवाड़ा में नेशनल हाईवे 48 पर 6500 वर्गफीट का भूखंड मिला है. इसके अलावा एक लग्जरी कार एमजी हेक्टर प्लस, आरोपी गिरदावर और उसकी पत्नी के नाम कई आरडी खाते, बैंक खातों की पास बुक और चेक बुक, रिहायशी घर से 10 लाख के जेवरात और एसबीआई बैंक डूंगरपुर के बैंक के लॉकर की चाबी मिली है, जिसकी एसीबी की ओर से तलाशी ली जाएगी।

# चलती ट्रेन में मोबाइल सहित 9 लाख की चोरी:मुंबई से अपने पीहर आ रही थी महिला; तकिये के नीचे से पार हुआ पर्स

**24 न्यूज अपडेट**



बांसवाड़ा. बांसवाड़ा में ट्रेन में मोबाइल नकदी और जेवर चोरी का मामला सामने आया है। कुशलगढ़ (बांसवाड़ा) निवासी दिनेश चंद्र सोनी ने बताया कि बेटी निम्मी पत्नी विक्रम जौहरी निवासी कालबादेवी मुंबई से बुधवार रात में कुशलगढ़ आ रही थी। रात करीब 1:35 पर अपने फोन को देखा और मोबाइल को अपने पर्स में रख दिया जिसमें स्वर्ण स्वर्ण आभूषण और नकदी थे। पर्स को उसने सिर के पास तकिया के नीचे रख दिया। नींद लग गई और बड़ोदरा से भरूच के बीच मध्य रात 2 बजे नींद खुली तो अपने पास रखा पर्स गायब था। पर्स में 10 हजार रुपए कैश, 30 हजार का मोबाइल और 8.60 लाख के आभूषण थे। बेटी ने कोच में ढूंढने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ सुराग नहीं मिला। उसने मेघनगर स्टेशन पर उतरकर किसी से मोबाइल लेकर परिजनों को फोन किया। इस मामले में जब रेलवे की जीआरपी के प्रधान आरक्षक वर्दी चंद्र खागले प्रधान आरक्षक जीआरपी थाना मेघनगर से बात की तो उन्होंने बताया कि घटना को लेकर धारा 379 में प्रकरण दर्ज किया गया है। मामला बड़ौदा जीआरपी के अधीन होने की वजह से मामले में पड़ताल के लिए वडोदरा भेजा जाएगा।

## उत्तराखंड के चारों धाम में रील्स-वीडियो बैन:31 मई तक VIP दर्शन नहीं होंगे; ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी तीन दिन बंद



**24 न्यूज अपडेट**

देहरादून.चारधाम यात्रा के लिए केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में श्रद्धालुओं की भीड़ प्रशासन के लिए लगातार चुनौती बन रही है। भारी भीड़ को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने 3 बड़े आदेश दिए हैं। उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा है कि चारों धाम के मंदिरों के 50 मीटर के दायरे में रील्स या वीडियो बनाने पर पाबंदी लगाई गई है। साथ ही VIP दर्शन पर लगी रोक को भी 31 मई तक बढ़ा दिया है। पहले यह रोक 25 मई तक लगाई गई थी। इसके अलावा सरकार ने यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में लगाए गए काउंटर को भी तीन दिन तक बंद कर दिया है। यानी अब श्रद्धालु सिर्फ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन ही कर सकेंगे। दरअसल, ऋषिकेश और हरिद्वार में भी लगातार भारी भीड़ देखने को मिल रही थी। इस वजह से लोग बिना रजिस्ट्रेशन कराए डायरेक्ट दर्शन के लिए धामों में पहुंच रहे थे। इससे धामों में भीड़ को नियंत्रण करने में दिक्कत हो रही थी। इसलिए प्रसासन ने ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन बंद किया है।

## लोकसभा चुनाव का वोटिंग डेटा 48 घंटे में जारी हो:सुप्रीम कोर्ट ADR की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार

**24 न्यूज अपडेट**



नई दिल्ली. सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को एक NGO एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) की याचिका पर तत्काल सुनवाई करने के लिए तैयार हो गया। याचिका में चुनाव आयोग से वोटिंग परसेंटेज का डेटा 48 घंटे के भीतर वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश देने की मांग की गई है। मामले की सुनवाई CJI डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच करेगी। NGO की तरफ से एडवोकेट प्रशांत भूषण ने इस पर तुरंत सुनवाई की मांग की थी। पिछले हफ्ते, ADR ने अपनी 2019 जनहित याचिका में एक अंतरिम आवेदन किया था जिसमें चुनाव पैनल को निर्देश देने की मांग की गई थी कि सभी पोलिंग सेंटर्स के फॉर्म 17 C भाग- I (रिकॉर्ड किए गए वोटों का अकाउंट) की स्कैन की गई कॉपी वोटिंग के तुरंत बाद अपलोड की जाएं। NGO ने दलील दी थी कि याचिका यह तय करने के लिए दायर की गई थी ताकि चुनावी अनियमितताओं का लोकतांत्रिक प्रक्रिया पर असर न हो।\

### याचिका में दावा- वोटर टर्न आउट देर से जारी किया

याचिका में कहा गया है कि आयोग ने पहले दो फेज का वोटिंग डेटा देर से पब्लिश किया। पहले फेज की वोटिंग के 11 दिन बाद और दूसरे फेज की वोटिंग के 4 दिन बाद यह डेटा सामने आया था। फाइनल वोटर टर्नआउट जारी करने में हुई देर और पोल पैनल के प्रेस नोट में 5% से ज्यादा के अंतर ने इसके सही होने पर चिंताएं और संदेह बढ़ा दिया है।

वोटर टर्नआउट जारी न होने के साथ-साथ डाले गए वोटों के आंकड़े जारी करने में देरी के कारण वोटर्स में शुरुआती आंकड़ों और 30 अप्रैल को जारी आंकड़ों के बीच आए फर्क को लेकर आशंकाएं बढ़ गई हैं। इन्हें दूर किया जाना चाहिए।

## अब नेपाल में MDH-एवरेस्ट मसालों पर बैन लगा:कीटनाशक एथिलीन ऑक्साइड की जांच शुरू की

**24 न्यूज अपडेट**

नई दिल्ली. सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग के बाद अब नेपाल ने भी भारत के दो मसाला ब्रांड एवरेस्ट और MDH की बिक्री, खपत और आयात पर रोक लगा दी है। नेपाल के खाद्य प्रौद्योगिकी एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के प्रवक्ता मोहन कृष्ण महारजन ने न्यूज एजेंसी ANI से कहा, 'नेपाल में आयात किए जा रहे एवरेस्ट और MDH ब्रांड के मसालों के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मसालों में हानिकारक केमिकल के अंश पाए जाने की खबर आने के बाद एक हफ्ते पहले आयात पर प्रतिबंध लगाया गया था और हमने मार्केट में भी इसकी बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन दो ब्रांड्स के मसालों में केमिकल के लिए जांच चल रही है। अंतिम रिपोर्ट आने तक प्रतिबंध लागू रहेगा।' अप्रैल में सिंगापुर-हॉन्गकॉन्ग ने एवरेस्ट और MDH के मसालों पर लगाया था बैन इससे पहले अप्रैल महीने में सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग ने MDH और एवरेस्ट दोनों कंपनियों के कुछ प्रोडक्ट्स में पेस्टिसाइड एथिलीन ऑक्साइड की लिमिट से ज्यादा मात्रा होने के कारण उन्हें बैन किया था। इन प्रोडक्ट्स में इस पेस्टिसाइड की ज्यादा मात्रा से कैंसर होने का खतरा है।

# तंत्र-मंत्र का ढोंग रचा 42 तोला सोना और कैश हड़पा, आरोपी खुलेआम घूम रहे, पुलिस जांच कर रही ढिलाई, एसपी को पीड़ितों ने लगाई गुहार

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। गोल्ड स्कैम चलाने वालों से सावधान हो जाइये। तंत्र-मंत्र के बहाने ये सबसे पहले भोले-भाले लोगों को झांसे में लेते हैं और उसके बाद गोल्ड लूट कर चंपत हो जाते हैं। पुलिस भी ऐसे मामलों में आश्चर्यजनक रूप से जांच में ढिलाई बरतती है। आज दो पीड़ित परिवार एसपी के पास पहुंचे और मदद की गुहार लगाई व कहा कि पुलिस 6 महीने बाद भी ना तो जांच के निष्कर्ष तक पहुंची है, ना गोल्ड वापस दिलाया है। जबकि पीड़ितों ने वीडियो एविडेंस सहित पूरा कच्चा चिट्ठा जांच अधिकारी को दे रखा है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और उनसे लूटे हुए सोने व कैश से नई एसेट बनाते हुए ऐशोआराम का जीवन जी रहे हैं। इससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्रार्थियों ने कहा कि तांत्रिकों की पहुंच नेताओं व भूमाफियाओं तक भी है। पुलिस ने अब तक ठोस जांच क्यों नही की इसकी भी जांच होनी चाहिए। एडवोकेट जितेन्द्र रजक ने बताया कि तांत्रिक आया व घर में किसी का साया बता कर एक परिवादी से 26 तोला सोना गुमराह करके ले गया; एक अन्य मामले में 16 तोला सोना व रूपए हडप लिया। हिरणमगरी व प्रतापगनर थाने में ढोंगी बाबाओं पर मामले दर्ज हैं व आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं व रिकवरी नहीं की गई है। आरोपियों के खिलाफ और भी मुकदमे दर्ज हो सकते हैं। एक ही उच्च अधि्कारी से जांच करवाई जाए। प्रतापनगर निवासी जगदीश सालवी ने बताया कि 29 नवंबर 2023 को रूपेश सुथार लवाणा राजसमंद जिले का रहने वाला उनकी पत्नी से 3 लाख 80 हजार नगर व साढे 14 तोला सोना ले गया। प्रेमलता व यश सालवी, रिद्दिमा सालवी रूपेश को लेकर घर आई थी। इधर, एसपी को दिए परिवाद में दूसरी प्रार्थियां कमला लौहार पत्नी कैलाश चंद्र लौहार, निवासी ज्योति नगर सेक्टर-4 ने बताया कि अभियुक्तगण रिया सालवी पुत्री धर्मेंद्र उर्फ कालू लाल सालवी. निवासी-नाकौड़ा नगर प्रताप नगर उदयपुर, रूपेश सुथार पुत्र गुलाब चंद्र सुथार, निवासी- लवाणा राजसमंद व पलव सालवी पुत्र धर्मेंद्र उर्फ कालू लाल सालवी,




निवासी निवासी-नाकौडा नगर प्रताप नगर उदयपुर, एक अन्य सेवक (भोपा) ने उनके साथ गोल्ड स्कैम किया। पुलिस थाना हिरण मगरी में दर्ज प्रथम सूचना संख्या 0053/2024 में उच्च अधिकारी से विस्तृत अनुसंधान करवा कर न्याय दिलाया जाए। बताया गया कि प्रार्थिया की पुत्री खुशबू लौहार आई.आई.एफ.एल गोल्ड लोन देने वाली कंपनी में कार्य करती हैं, जहां पर रिया सालवी उर्फ रानू ने पुत्री से सम्पर्क किया जो आये दिन गोल्ड लोन के लिए गोल्ड रखने व गोल्ड रखने के लिए आती जाती रहती थी, जिसने पुत्री से अच्छी जान पहचान बना ली। रिया सालवी को यह जानकारी हुई कि वह कपड़े सिलने का कार्य करती है। रिया सालवी उर्फ रानू सालवी व उसके साथ रूपेश सुथार नाम का व्यक्तिघर ज्योति नगर हिरण मगरी सेक्टर-4 आये तथा रिया ने बोला कि यह रूपेश माताजी का सेवक है जिसको माताजी की ड्रेस सिलवानी है तब द्वारा माताजी की ड्रेस होने के कारण पैसे लेने से मना कर किया तथा स्वयं को सेवक (भोपा) बताकर प्रार्थियां का विश्वास जीत लिया। तभी पुत्र प्रकाश घर आया जिसको चमडी की खुजली की समस्या होने से रिया सालवी ने कहा कि रूपेश माताजी के सेवक हैं जो अच्छे से तंत्र विद्या जानते हैं, जो कि प्रकाश की खुजली की समस्या का हल कर बीमारी सही कर देंगे। उन्होंने कहा कि इलाज डॉक्टर से सम्पर्क कर ही करवाउंगी तब रिया व रूपेश वहां से चले गये। जिनके साथ बाहर अन्य दो व्यक्ति भी इनका इंतजार



आरोपी -रिया सालवी



आरोपी -प्रेमलता



आरोपी -उपेश सुथार

कर रहे थे जिनमें एक पलव सालवी, रिया का भाई एवं एक अन्य व्यक्ति था। दो दिन बाद पुनः रिया सालवी व रूपेश घर पर आये तब वह घर पर अकेली थी। दोनों घर के अंदर आये जिनके हाथ में कुछ तंत्र विद्या का सामान था जिन्होंने घर में घुसकर तंत्र विद्या करनी शुरू कर दी तथा एक लाल पोटली में नारियल रखकर प्रार्थियां को कहा कि तंत्र विद्या से सिद्धी करनी पड़ेगी अन्यथा तुम्हारे पुत्र प्रकाश की बीमारी का जीवन भर निवारण नहीं होगा और यह बीमारी बढ़ती जायेगी तभी रिया सालवी व रूपेश ने प्रार्थियां को कुछ नशीला प्रदार्थ माताजी का प्रसाद बोलकर खिलाया तथा कहा कि आपके घर में सभी सदस्यों की उम्र मिलाकर उसका चौथा भाग सोना इस तंत्र सिद्धी में रखना होगा तभी हमारी तपस्या पूरी होगी। इस तरह झांसे में लेकर मेरे घर में पड़ा सोना लाल कलर की पौटलियों में रखवा दिया तथा सारी पौटलियां मंत्र का जाप करते हुए बांधते गये व बातों में उलझा रखा। सम्पूर्ण विद्या पूरी करने के बाद कहा कि इनको सवा महीने तक इन पौटलियों को नहीं खोलनी है तथा सारी पोटलियां घर के मंदिर में रखवा दी। इसके पश्चात भी रिया और रूपेश में घर में आया जाया करते थे और कहते थे कि अभी इन पोटलियों को खोलने का सही समय नहीं है। इस तरह कई प्रकार की किया कलापों को झांसा देकर घर में कुछ गड़ा होने का बताकर बाथरूम के कोने के फर्श के नीचे से एक लोहे का किला निकाला तब एक अन्य व्यक्ति जो स्वयं को गातोड़ जी का सेवक बता रहा था वह साथ था। इसी तरह से समय निकालते गये। कुछ समय बाद जब हमने पौटलियां खोलकर देखा तब हमें पता चला कि कम से कम 25 से 26 तोला सोना रिया सालवी व रूपेश ने हडप लिया है। प्रार्थियां के साथ झालसाजी पूर्वक हुई धोखाधड़ी की रिपोर्ट हिरण मगरी थाने में दर्ज करवाई जिसके प्रथम सूचना क्रमांक 53/2024 पुलिस थाना हिरण गगरी है। जिसमें पुलिस की ओर से आज दिन तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रार्थियां की पुत्री खुशबू के स्वयं स्तर पर पता करने पर ज्ञात हुआ कि रिया सालवी द्वारा उनके गोल्ड को अलग-अलग गोल्ड लोन देने वाली कंपनी की शाखाओं में रखकर भारी भरकम रूपये लोन के रूप में प्राप्त कर लिये है। वर्तमान में अभियुक्तगण खुले आम घुम रहे है। जिसकी जानकारी हमारे स्वयं के स्तर पर प्राप्त की गई जिसकी लोन कम्पनी की शाखाओं की लोन पर्चियां इस प्रार्थना पत्र के साथ सलंग्न किया गया।रूपेश एवं रिया आपराधिक प्रवृति के होकर बड़े-बड़े भूमाफियाओं के सम्पर्क में है तथा कई बार कहते थे कि हमारे प्रशासन में अच्छे जान पहचान वाले है कभी भी छोटी-मोटी या बड़ी बात हो तो फोन पर ही काम हो जाता है व मेरा भाई अच्छे नेताओं से सम्पर्क रखता है. ऐसे में हमारे काम एक फोन पर हो जाते है। इस प्रकार अभियुक्तगणों ने पुलिस से मिली भगत कर अभी तक हमें न्याय से वंचित रखा है। अधिक समय व्यथित हो जाने से ये लोग हमारे सोने को खुर्द-बुर्द कर देंगे। यह आपराधिक प्रवृति के है इन्होंने कई लोगों के साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी की है। जिनकी प्रथम सूचना रिपोर्ट 54/2024 पुलिस थाना हिरणमगरी 127/2024 पुलिस थाना प्रतापनगर व 112/2024 पुलिस थाना प्रतापनगर दर्ज होकर और अनुसंधान है फिर भी अभियुक्तगण खुलेआम घुम रहे है जिन पर सख्त कानूनी कार्यवाही नहीं होने के कारण उनके हौसले बुलंद होते जा रहे हैं।

# किराणा व कपड़े की होलसेल दुकान में भीषण आग, 10 लाख से अधिक का नुकसान

24 न्यूज अपडेट
desk24newsupdate@gmail.com

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर जिले के गोगुंदा के बेकरिया थाना क्षेत्र के बड़ा पुलिया पर एक किराणा व कपडे की होलसेल दुकान में भीषण आग लग गई जिसमें आग से करीब 10 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। दुकान मालिक सकाराम पिता भूराराम गरासिया निवासी काड़ा देर रात दुकान बंद कर अपने गांव गए थे। सुबह करीब 5 बजे के आसपास दुकान में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से दुकान में भीषण आग लग गई। दुकान से आग की लपटे निकलने लग गई । आग की सूचना से पूरे क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और आग बुझाने के भरसक प्रयास किया और दुकान मालिक सकाराम को इसकी जानकारी दी। सकाराम दुकान पर पहुंचते उससे पूर्व ही दुकान में रखा कपड़ा व अन्य किराना सामान सहित दुकान में रखी नगदी जलकर खाक हो गए जिसमें व्यापारी सकाराम गरासिया को करीब 10 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। आग की सूचना पर स्थानीय सरपंच व जन प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और सरपंच की सूचना पर बेकरिया पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा। वही दुकान मालिक ने आगजनी की सूचना पटवारी व सचिव को भी दे दी है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नागा साधु बनकर गहने लूटने वाला गुजरात से गिरफ्तार



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। नागा साधू के वेश में लोगों को संकट दूर करने व धन की प्राप्ति का प्रलोभन देकर ज्वैलरी उतारकर भागने वाले को किया बापर्दा गिरफतार किया है। 19 अक्टूबर, 23 को प्रार्थी प्रकाशचन्द्र जैन पिता चुन्नीलाल जैन उम्र 57 साल निवासी 10 बसंत विहार सेक्टर 14 पुलिस थाना सवीना जिला उदयपुर ने लिखित रिपोर्ट दी कि दोपहर 12 बजे मै न्युरो थैरेपी लेकर पैदल पैदल जा रहा था। तभी मेडिकल स्टोर के पास मैन रोड पर 12.30 पर कफेद कलर की सेलेरियो कार में नागा साधु ने गाडी रोकी और शिव मंदिर का पता पूछा और जैसे ही उनके पास जाकर बात की तो उन्होंने गुमराह करते हुए सोने की चेन व हाथ की 2 सोने की अंगूठी ले ली ओर तेज गति से अपनी गाडी लेकर भाग गये। अनुसंधान नरेश कुमार सउनि द्वारा प्रारम्भ किया गया। एसपी योगेश गोयल जिला पुलिस अधीक्षक महोदय उदयपुर से निर्देष प्राप्त हुये जिस पर उमेष ओझा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उदयपुर तथा छगन पुरोहित पुलिस उप अधीक्षक वृत नगर पूर्व उदयपुर के सुपरविजन में फूलचन्द टेलर थानाधिकारी पुलिस थाना सवीना के नेतृत्व में टीम गठित की जाकर अभियुक्त की तलाश करने के निर्देष प्राप्त हुए। थानाधिकारी के नेतृत्व में थाने की टीम फूलचन्द टेलर थानाधिकारी सविना द्वारा टीम का गठन किया गया। मुखबिर तन्त्रों व तकनीकी संसाधनों, सीसीटीवी फूटेज, वाछिंत वाहन का परिवहन विभाग से रिकॉर्ड प्राप्त कर एक गांधीनगर गुजरात टीम को भेजा गया। नागा साधु का वेश बदलकर लोगो से धोखाधडी पुर्वक गहने उत्तार कर भाग जाने वाले अभियुक्त धारुनाथ उर्फ ध्रुवनाथ पिता अजानाथ जाति बामणिया मदारी उम्र 32 साल निवासी गणेशपुरा बामणिया मदारी नगर पुलिस थाना देहगावं जिला गांधीनगर गुजरात को बापर्दा गिरफतार किया गया।

# 28 लाख के घूसकांड में फंसे आईपीएस मनीष अग्रवाल की हो गई बहाली



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। आईपीएस अधिकारी मनीष अग्रवाल पर दौसा जिले मे्। एसपी के पद पर भ्रष्टाचार करने के कई आरोप थे। एसीबी ने मामला दर्ज किया था। अग्रवाल को एक्सप्रेस-वे बनाने वाली कंपनी से घूस लेने के आरोप में 2 फरवरी, 2021 को गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले 13 जनवरी को दलाल नीरज मीणा को गिरफ्तार किया था। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे बनाने वाली दो कंपनियों से लाखों रुपए घूस लेने के आरोप लगे। मनीष 2 फरवरी 2021 से सस्पेंड थे। सरकार ने भ्रष्टाचार के मामले में प्राथमिक जांच में लिप्त पाए जाने पर निलंबित कर दिया था। 9 जुलाई 2021 को एसीबी की ओर से अभियोजन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे। कार्मिक विभाग की ओर से 16 जुलाई 2021 को जांच अधिकारी से प्रकरण के संबंध में विचार-विमर्श किया, एसीबी ने अब स्पष्ट किया है कि अग्रवाल को अपना पक्ष रखने का अवसर दिया था। अब जाकर 13 मई 2024 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने एक अनुशंसा की व रिव्यू कमेटी की बैठक में अग्रवाल को बहाल करने की अनुशंसा हुई जिसके बाद कार्मिक विभाग ने किया बहाली का आदेश जारी किया।

## 27 पुलिसकर्मियों के नाम शामिल थे, उनका क्या हुआ

एसीबी के एक अधिकारी ने तब मीडिया को बतया था कि एक रिजस्टर में कुछ नोट लिखे मिले। इसी के माध्यम से भ्रष्टाचार का खेल चल रहा था। नोट अग्रवाल के सबऑर्डिनेटर में से एक ने 16 अक्टूबर, 2019 और 5 जुलाई, 2020 के बीच पुलिस अधीक्षक जीआरपी (सरकारी रेलवे पुलिस) में अपनी पोस्टिंग के दौरान जमा किए थे। 10 से अधिक पुलिस जिले उसके अधिकार क्षेत्र में थे। रजिस्टर में 27 पुलिसकर्मियों के नाम शामिल हैं जिसमें कांस्टेबल से लेकर अलवर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर, कोटा, अबू रोड, गंगापुर सिटी, हिंदौन चौकी, बांदीकुई और झालावाड़ में तैनात पुलिसकर्मियों का नाम था। 27 पुलिसकर्मियों के नाम के साथ साफ लिखा हुआ था कि उन्होंने कब, किससे और कितने पैसे घूस के तौर पर लिए थे। तब सीबी को संदेह था कियह डीटेल पूर्व एसपी कार्यालय के खुफिया या सतर्कता विंग में तैनात किसी पुलिसकर्मी द्वारा दर्ज किए गए। आईपीएस अधिकारी मनीष अग्रवाल के एक सबऑडिनेट ने रजिस्टर में अग्रवाल को संबोधित करते हुए लिखा, "जय हिंद सर! हमें इन पुलिसकर्मियों को अलग से बुलाना चाहिये. यदि आप उन्हें अपने स्तर पर सवाल जवाब करते हैं तो वे निश्चित रूप से बोलेंगे. अगर उन्हें धमकी दी जाती है, तो वे सच बोलेंगे। " अब सवाल यह है कि क्या सच बोला गया, क्या सच सामने आया।




24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।